03.12.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रीय पुरस्कार दिये। कहा–दिव्यांगजनों के लिए बाधा मुक्त वातावरण प्रदान करना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए।

○ डूंगरपुर और सलूम्बर जिला कलेक्टर भी दिव्यांगजन राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित।

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन नए आपराधिक कानूनों को राष्ट्र को समर्पित किया, कहा–इससे देश औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर निकलेगा।

○ विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित हुए सात विधायकों को विधायक पद की शपथ दिलायी।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 2024 के अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए अनुकरणीय कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थानों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि इस पुरस्कार के विजेता समाज के लिए आदर्श के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांगजनों में उद्यमशीलता को बढावा देने, उनके कौशल को विकसित करने, उन्हें रोजगार देने, उनके उत्पादों को खरीदने की प्राथमिकता देने और बाजार की सुविधायें प्रदान करने से दिव्यांगजनों के नेतृत्व की क्षमता बढेगी।

..............

राष्ट्रपति ने कहा कि आज के पुरस्कार विजेता न सिर्फ प्रेरणा के केन्द्र हैं बल्कि प्रेरणा के स्रोत भी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी दिव्यांगजनों को सहज और समानता का अनुभव कराना पूरी मानवता का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए बाधा मुक्त वातावरण प्रदान करना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार ने दिव्यांगजनों के जीवन को समृद्ध बनाने पर केन्द्रित 16 परिवर्तनकारी पहलों का शुभारंभ किया। राष्ट्रपति ने इस समारोह में डूंगरपुर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह और सलूम्बर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को भी राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। डूंगरपुर जिला कलेक्टर को दिव्यांगजन सशक्तीकरण की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वन, दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम, यूडीआईडी और दिव्यांग सशक्तीकरण की योजनाओं के क्रियान्वयन में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर यह सम्मान दिया गया है। उन्होंने दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए मिशन नो वन लेफ्ट बिहाइंड चलाया था। इसी तरह, सलूम्बर जिला कलेक्टर को सुगम्य भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन, बाधा मुक्त वातावरण के सृजन में सर्वश्रेष्ठ जिलों के तहत दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में उत्कृष्ट और सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है।

प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। राज्य स्तरीय पुरस्कार सम्मान समारोह जयपुर के हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में रखा गया। कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणीयों के तहत चयनित विशेष योग्यजनों और विशेष योग्यजनों के लिए कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों और संस्थाओं को 10 हजार रुपये की राशि, प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समारोह में बाड़मेर ज़िला कलेक्टर टीना डाबी को दिव्यांगजन के कल्याण के लिए किये गये प्रयासों के वास्ते सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने सम्मानित किया। सवाईमाधोपुर के विशेष विद्यालयों में निशक्त और दिव्यांग बच्चों की

विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जालौर में जिला दिव्यांग सेवा संस्थान की ओर से रैली निकाली गई। बारां में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगों को सम्मानित किया गया। सांचौर में जिला कलेक्टर शक्ति सिंह राठौड़ ने सम्मान समारोह में जिले के पैरा–एथलीट ठाकराराम को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन नए आपराधिक कानूनों को राष्ट्र को समर्पित किया। आज चंडीगढ़ में हुए इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने भारतीय न्याय संहिता लागू किए जाने पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सच्चा सामाजिक न्याय है।

................

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर निकलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए अपराध कानूनों का लागू होना उन आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है, जिनकी परिकल्पना हमारे संविधान में की गई थी। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नए आपराधिक कानून तीन साल के अन्दर पूरे देश में लागू हो जाएंगे।

000

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में इथेनॉल और मेथनॉल जैसे जैव ईंधन के उपयोग पर जोर दिया है। आज नई दिल्ली में सतत सड़क परिवहन पर 18वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने जीवाश्म ईंधन के आयात को कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत लगभग 22 लाख करोड़ जीवाश्म ईंधन का आयात करता है और इसकी मात्रा में कमी से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। श्री गडकरी ने जोर देकर कहा कि इथेनॉल जैसे जैव ईंधन के उपयोग से देश का प्रदूषण स्तर कम होगा और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित हुए सात विधायकों को आज अपने कक्ष में विधायक पद की शपथ दिलायी। सभी विधायकों ने हिंदी भाषा में शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर श्री देवनानी ने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विधायक सदन की गौरवमयी परम्परा, गरिमा, और मर्यादा का अनुपालन करें। शांता अमृतलाल मीणा ने सलूंबर से, सुखवंत सिंह ने रामगढ़ से, राजेंद्र भाम्बू ने झुंझुनूं से अनिल कुमार कटारा ने चौरासी से, रेवंतराम डांगा ने खींवसर से, राजेंद्र गुर्जर ने देवली उनियारा से और दीनदयाल ने दौसा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इस अवसर पर विधानसभा में सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, विधानसभा में प्रतिपक्ष के मुख्य सचेतक रफीक खान,विधान सभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा तथा विधायकों के निकटवर्ती परिजन उपस्थित रहे।

000

गृह रक्षा संगठन के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर से मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन में पुलिस महानिरीक्षक, गृह रक्षा संदीप सिंह चौहान ने इसमें भाग लेने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और होमगार्ड स्वयंसेवकों की हौसला अफजाई की। गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर की कार्यालय अध्यक्ष कमाण्डेन्ट सुमन ढाका की अगुवाई में मैराथन का शुभारम्भ संसार चन्द्र रोड स्थित गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र से हुआ। मैराथन में केन्द्र के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित लगभग 300 होमगार्ड स्वयंसेवकों ने बढ़–चढ कर हिस्सा लिया।

000

राजसमंद के कुंभलगढ में चल रहे तीन दिन के कुंभलगढ़ महोत्सव के तहत विभिन्न आयोजन किये गये। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से आयोजित महोत्सव में लोक कलाकारों के साथ–साथ शास्त्रीय संगीत और नृत्य कला की प्रस्तुतियां दी गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि महोत्सव में पर्यटकों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

.................

कुभलगढ़ महोत्सव का समापन आज रात बरखा जोशी और मोहित गंगवानी की प्रस्तुति के साथ होगा।

000

पाली जिले के नोवी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को राष्ट्रीय क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट दिया गया है। यह सर्टिफिकेट गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत निर्धारित क्षेत्रों में श्रेष्ठ कार्य करने पर दिया गया है। सीएमएचओ ने बताया कि इस सर्टिफिकेट के मिलने पर स्वास्थ्य केन्द्र को प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी। अगर संस्था राष्ट्रीय स्तर के एसेसमेंट में 70 प्रतिशत अंक या इससे अधिक प्राप्त कर लेती है, तो आगामी तीन साल तक तीन लाख रुपए हर साल मिलेंगे।

000

कोटपूतली–बहरोड़ जिले में विमुक्त, घुमंतु और अर्धघुमंतु समुदाय के लिए ब्लॉक स्तरीय सहायता शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत समिति पावटा में आयोजित इस शिविर में 50 से अधिक घुमंतु परिवारों के लोगों को पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र और आधार कार्ड के लिए आवेदन करवाए गए। इसके अलावा, पालनहार योजना के तहत भी लाभान्वित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क जांच शिविर और आवासहीन व्यक्तियों के लिए निशुल्क भूमि आवंटन की व्यवस्था भी की गई।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भीलवाड़ा जिले में उत्पादित ड्रैगन फ्रूट की तारीफ की है। जिले के खजीना गांव के किसान रामेश्वर चौधरी ने ड्रैगन फ्रूट की खेती की शुरुआत की है। उन्होंने जयपुर आकर मुख्यमंत्री को ड्रैगन फ्रूट भेंट किया और इसकी खेती के बारे में बताया। इस दौरान किसान ने बताया कि अगर राजस्थान में ड्रैगन फ्रूट की अच्छी तरह से खेती हो तो निश्चित रूप से किसानों को भी आर्थिक फायदा मिल सकता है। मुख्यमंत्री ने भी ड्रैगन फ्रूट की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि अधिकारियों से विचार विमर्श किया है। ड्रैगन फ्रूट को हिन्दी में पिताया या कमलम कहते हैं। ये फल मुख्य रूप से मैक्सिको और मध्य तथा दक्षिणी अमेरिका के ऊष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में उगता है।

000